# राजस्व वसूली में तेजी लाने आयुक्त ने सहायक राजस्व निरीक्षकों को हटाया

## स्वयं मौके पर पहुंच संपत्तिकर का सत्यापन कर रहे

अमन पथ न्यूज़



जगदलपुर। आयुक्त हरेश मंडावी ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से पिछले 5 से 15 वर्षो से एक ही वार्ड में जमे सहायक राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण कर अन्य वार्ड में भेजा । संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से सोपें गये नवीन वार्डों में राजस्व वसूली मैं तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है । साथ ही आयुक्त ने आज आकस्मिक रूप से शहर के वार्डो में चल रहे राजस्व वसूली का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर वसूली का जायजा लिया। आयुक्त श्री हरेश मंडावी के द्वारा राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली को लेकर लगातार समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है ,जिसके तहत आयुक्त आज अचानक शहर में चल रहे राजस्व वसूली का आकस्मिक रूप से जायजा लेकर चल रहे कार्यों का ज्यादा लेते हुए संबंधित कर्मचारी एवं वार्ड के लोगों से समेकित एवं संपत्ति करके संबंध में चर्चा किया। आयुक्त ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया है ,जिसके तहत आयुक्त लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकायदारों से वसूली एवं करो की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

वहीं आयुक्त ने बड़े बकायादारों की सूची बनाने के साथ ही उन बकायदारों से वसूली का निर्देश देते हुए राजस्व विभाग की टीम बनाने का भी निर्देश दिया है उक्त गठित टीम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है आज निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी नाग ,विनय श्रीवास्तव व सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# निगम आयुक्त ने शहर के वार्डों के लिए नियुक्त किए नोडल

जगदलपुर। आयुक्त हरेश मंडावी ने नगर निगम के 48 वार्डों के लिये वार्डवार नोडल अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है । नगर निगम के 48 वार्डों के लिए संबंधित नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने वार्ड में साफ सफाई व्यवस्था ,पेयजल व्यवस्था ,विद्युत व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का व्यवस्था को देख अपने-अपने वार्डों की समस्या को संबंधित विभाग को पत्र व्यवहार करेंगे । आयुक्त श्री हरेश मंडावी ने बताया 48 वार्डों के लिए प्रति वार्ड के लिए एक नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है संबंधित नोडल उन वार्डों के साफ सफाई ,पेयजल विद्युत व अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का वार्ड के लोगों से चर्चा कर समस्या को दूर करने के प्रयास के साथ निगम के संबंधित विभाग को समस्या से अवगत भी


Scanned with OKEN Scanner

# आयुक्त मौके पर पहुंच संपत्तिकर का कर रहे सत्यापन

जगदलपुर, 19 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से पिछले 5 से 15 वर्षों से एक ही वार्ड में जमे सहायक राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण कर अन्य वार्ड में भेजा । संबंधित सहायक राजस्व

**राजस्व वसूली में तेजी लाने सहायक राजस्व निरीक्षकों का वार्ड बदला**

निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से सौंपे गये नवीन वार्डों में राजस्व वसूली में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है । साथ ही आयुक्त ने आज आकस्मिक रूप से शहर के वार्डों में चल रहे राजस्व वसूली का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर वसूली का जायजा लिया ।आयुक्त हरेश मंडावी के द्वारा राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली को लेकर लगातार समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है ,जिसके तहत आयुक्त आज अचानक शहर में चल रहे राजस्व वसूली का आकस्मिक रूप से जायजा लेकर चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारी एवं वार्ड के लोगों से समेकित एवं संपत्तिकर के संबंध में चर्चा किया ।आयुक्त ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया है ,जिसके तहत आयुक्त लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकायदारों से वसूली एवं करो की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है । वही आयुक्त ने बड़े बकायादारों की सूची बनाने के साथ ही उन बकायदारों से वसूली का निर्देश देते हुए राजस्व विभाग की टीम बनाने का भी निर्देश दिया है। उक्त गठित टीम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। आज निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग ,विनय श्रीवास्तव व सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे ।



# नोडल अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

जगदलपुर। नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने निगम के 48



वाडोंर् के लिये वार्डवार नोडल अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। 48 वाडोंर् के लिए संबंधित नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने वार्ड में साफ सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को देख अपने-अपने वार्डो की समस्या से संबंधित विभाग से पत्र व्यवहार करेंगे। आयुक्त ने बताया 48 वाडोंर् के लिए प्रति वार्ड के लिए एक नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। वार्ड के लोगों से चर्चा कर समस्या को दूर करने के प्रयास के साथ निगम के संबंधित विभाग को समस्या से अवगत भी करेंगे। साथ ही संबंधित नोडल अधिकारी अपने-अपने वार्डो का दौरा कर

Scanned with OKEN Scanner

# वर्षों से एक ही वार्ड में जमे सहायक निरीक्षक को दूसरे वार्ड की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से पिछले 5 से 15 वर्षोंर् से

- अधिकांश कर्मी 5 से 15 वर्ष से एक ही वार्ड में पदस्थ रहे
- वसूली के दौरान आयुक्त मौके पर पहुंच संपत्तिकर का सत्यापन कर रहे



एक ही वार्ड में जमे सहायक राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण कर अन्य वार्ड में भेजा है। संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से सौंपे गये नवीन वाडोंर् में राजस्व वसूली में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने शुक्रवार को शहर के वार्डो में चल रहे राजस्व वसूली का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर वसूली को लेकर जानकारी ली। राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली को लेकर लगातार समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। अचानक शहर में चल रहे राजस्व वसूली का आकस्मिक रूप से जांच कर स्थिति से अवगत हुए। कायोंर् का जायजा लेते संबंधित कर्मचारी एवं वार्ड के लोगों से समेकित एवं संपत्ति कर वसूली संबंध में चर्चा किया। लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा में बकायदारों से पिछला और चालू मांग की वसूली के साथ करो की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने जलकर विभाग को शहर के बड़े बकायादारों की सूची बनाने के साथ ही उन बकायदारों से शतप्रतिशत वसूली के निर्देश दिए हैं। साथ ही राजस्व विभाग की टीम बनाने का भी निर्देश दिया है। गठित टीम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इस दौरान राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग, विनय श्रीवास्तव व सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

# वार्डों में वर्षों से जमे सहायक राजस्व निरीक्षक हटाये गए

## आयुक्त स्वयं मौके पर पहुंच संपत्तिकर का सत्यापन कर रहे

**नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।**

नपानि आयुक्त हरेश मंडावी ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से पिछले 5 से 15 वर्षों से एक ही वार्ड में जमे सहायक राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण कर अन्य वार्ड में भेजा है। संबंधित सहायक सभी राजस्व निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से आदेश सौंप दिया गया है और नवीन वार्डों में राजस्व वसूली मैं तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है।

नपानि आयुक्त हरेश मण्डावी ने आज आकस्मिक रूप से शहर के वार्डों में चल रहे राजस्व वसूली का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर वसूली का जायजा लिया। आयुक्त के द्वारा राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली को लेकर लगातार समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है, जिसके तहत आयुक्त आज अचानक शहर में चल रहे राजस्व वसूली का आकस्मिक रूप से जायजा लेकर चल रहे कार्यों का ज्यादा लेते हुए संबंधित कर्मचारी एवं वार्ड के लोगों से समेकित एवं संपत्ति करके संबंध में चर्चा की। आयुक्त ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया है, जिसके तहत आयुक्त लगातार राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकायदारों से वसूली एवं करो की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

## वार्डों के लिये नोडल अफसर किये गए नियुक्त



आयुक्त ने नगर निगम के 48 वार्डों के लिये वार्डवार नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई है। वे अपने-अपने वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की व्यवस्था को देख अपने-अपने वार्डो की समस्या को संबंधित विभाग को पत्र व्यवहार करेंगे। आयुक्त ने बताया कि 48 वार्डों के लिए प्रति वार्ड के लिए एक नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है।

## बड़े बकायेदारों की सूची बनाने निर्देश

इस दौरान आयुक्त ने बड़े बकायादारों की सूची बनाने के साथ ही उन बकायेदारों से वसूली का निर्देश देते हुए राजस्व विभाग की टीम बनाने के भी निर्देश दिये हैं, उक्त गठित टीम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया है। आज निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग, विनय श्रीवास्तव व सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner

**फील्ड में उतरे अफसर:** डिप्टी सीएम अरुण साव के आदेश के 24 घंटे बाद ही शहर में बदलाव लागू

# निगम में बड़ा बदलाव, वर्षों से जमे राजस्व निरीक्षक हटाए, वार्डों के नोडल भी नियुक्त

## शासन स्तर से सख्ती बढ़ी तो तत्काल बदले गए राजस्व निरीक्षक

पत्रिका पड़ताल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जगदलपुर** . गुरुवार को डिप्टी सीएम और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने रायपुर में सभी नगर निगमों के आयुक्त की बैठक ली थी। इस बैठक में कहा गया था कि राजस्व वसूली में बड़े बकायदारों पर सख्ती बढ़ाई जाए। साथ ही उन्होंने सभी आयुक्तों को सप्ताह में कम से कम तीन दिन फील्ड में जाने के निर्देश भी दिए थे।

इस निर्देश के 24 घंटे के भीतर ही जगदलपुर नगर निगम में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। आयुक्त हरेश मंडावी ने बैठक से लौटते ही निगम के ऐसे सहायक राजस्व निरीक्षकों को उनके वार्डो से हटा दिया है जो 10-15 साल से एक ही वार्ड का जिम्मा संभाल रहे थे। माना जा रहा है कि डिप्टी सीएम के आदेश के अनुसार बड़े बकायदारों पर सख्ती बढ़ाने के लिए ऐसा किया गया है। इसके साथ ही आयुक्त ने सभी 48 वार्डो के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है, जो वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्या का समाधान करेंगे। निगम के कामकाज में यह नया प्रयोग है क्योंकि अब तक लोग वार्ड के पार्षद को अपनी समस्या बताते रहे हैं या ज्यादा बड़ी समस्या होने पर सीधे निगम आयुक्त को। नई व्यवस्था के तहत अब लोग सीधे वार्ड में ही नोडल को अपनी समस्या बताकर उनका समाधान करवा पाएंगे। बैठक में डिप्टी सीएम साव ने आयुक्तों को सप्ताह में कम से कम तीन दिन फील्ड में जाने कहा था। इसके बाद आयुक्त शुक्रवार को शहर के अलग-अलग वार्डों में नजर आए और संपत्तिकर वसूली के काम का जायजा लेते रहे।



शुक्रवार को शहर के एक वार्ड में राजस्व वसूली का जायजा लेते निगम आयुक्त।

### जानें, वार्डों के लिए नियुक्त नोडल करेंगे क्या

आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर के 48 वार्डों के लिए वार्डवार नोडल अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। संबंधित नोडल अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था ,पेयजल ,विद्युत समेत अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुए समस्या के संबंध में संबंधित विभाग से पत्र व्यवहार करेंगे। साथ ही नोडल वार्ड के लोगों से उनकी समस्या भी जानेंगे। इस व्यवस्था को लागू करने का मुख्य उद्देश्य वार्डों की समस्या को समय पर निगम मुख्यालय तक पहुंचाना है।

### नई व्यवस्था की जद में बड़े बकायदार

**निगम** आयुक्त ने सालों से जमे सहायक राजस्व निरीक्षकों को बदलते हुए स्पष्ट कह दिया है कि उन्हें इसलिए बदला जा रहा है क्योंकि बड़े बकायदारों से वसूली नहीं हो रही थी। अब जब पुराने सहायक निरीक्षकों की जगह नए निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है तो उन पर दबाव होगा कि वे बड़े बकायदारों से वूसली करें। नई व्यवस्था बनाने का उद्देश्य यही है कि किसी भी तरह से बड़े बकायदार बचे नहीं। हर वित्तीय वर्ष में बड़े बकायदार निगम की वसूली से बच जाते हैं लेकिन इस बार अगर ईमानदारी से व्यवस्था लागू हो गई तो बकायदारों को बकाया जमा करना ही होगा। आयुक्त ने जिन निरीक्षकों को नए सिरे से वार्डों का प्रभार दिया है उन्हें बड़े बकायदारों की सूची तैयार करने कह दिया है। ऐसे में माना जा रहा है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में निगम वसूली के लक्ष्य के करीब पहुंच सकता है।

### हटाए गए निरीक्षकों पर लगता रहा है आरोप

सालों से जमे जिन सहायक निरीक्षकों को हटाया गया है उन पर यह आरोप लगता रहा है कि वे बड़े बकायदारों पर हाथ नहीं डालते। इसी वजह से निगम की वसूली का लक्ष्य भी पूरा नहीं हो पाता है। आयुक्त हरेश मंडावी ने पूर्व में निगम के राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए भी हटाए गए राजस्व निरीक्षकों को चेतावनी दी थी कि बड़े बकायदारों पर कार्रवाई करें लेकिन आखिरकार डिप्टी सीएम की बैठक में हुई समीक्षा के बाद आयुक्त ने सभी को हटा दिया है।

### आयुक्त ने लोगों से कहा-टैक्स जरूर पटाएं

शुक्रवार को जब आयुक्त शहर के वार्डों में अचानक पहुंचे तो निगम का राजस्व अमला समेकित और संपत्तिकर की वसूली कर रहा था। इस दौरान आयुक्त ने लोगों से बात करते हुए उन्हें समय पर सभी प्रकार के कर जमा करने कहा। आयुक्त ने लोगों से कहा कि शहर आपका है और यहां की व्यवस्था बनाने में आपके टैक्स का योगदान अहम है। इसलिए टैक्स जमा करने के लिए सजग रहें। आयुक्त के साथ राजस्व अधिकारी मीनाक्षी नाग ,विनय श्रीवास्तव व सहायक राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे।

### असर जरूर दिखेगा

नई व्यवस्था के तहत संबंधित नोडल अधिकारी वार्ड के लोगों से चर्चा कर समस्या को दूर करने के प्रयास करेंगे। साथ ही संबंधित नोडल अधिकारी अपने-अपने वार्डो का दौरा कर प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करेंगे। इस नई व्यवस्था का सकारात्मक असर जरूर दिखेगा। - **हरेश मंडावी,**
आयुक्त नगर निगम

Scanned with OKEN Scanner

कार्रवाई • कर्मचारियों को दूसरे वार्ड की सौंपी जिम्मेदारी, तेजी से कार्य करने दिए निर्देश

# आयुक्त ने सालों से 1 ही वार्ड में जमे 11 सहायक राजस्व निरीक्षकों को हटाया

भास्कर न्यूज | जगदलपुर

टैक्स वसूली में तेजी लाने के लिए निगम आयुक्त लगातार कोशिश कर रहे हैं। लेकिन उनकी कोशिश का कोई सार्थक असर नहीं हो रहा था। बार-बार चेतावनी और कार्रवाई करने के लिए दिए जा रहे अल्टीमेटम का कोई असर नहीं होते देख अब निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से पिछले 5 से 15 वर्षों से एक ही वार्ड में जमे 11 सहायक राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण कर अन्य वार्ड में भेजा और तीन दिनों के अंदर प्रभार सौंपने के निर्देश दिए। संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से सौंपा गया और उन्हें नए वार्डों में राजस्व वसूली मैं तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है । इसके साथ ही आयुक्त ने शुक्रवार को आकस्मिक रूप से शहर के वार्डों में चल रहे राजस्व वसूली का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर वसूली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी नाग ,विनय श्रीवास्तव व सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित



राजस्व वसूली की समीक्षा करते निगम आयुक्त कर्मचारियों के साथ।

थे। गौरतलब है कि इससे पहले निगम आयुक्त ने 8 दिसंबर को लक्ष्य से कम वसूली करने वाले चार सहायक राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही आयुक्त ने बैठक मे साफ शब्दों में कहा था कि राजस्व वसूली में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । इसके साथ ही आगामी 15 दिनों में सभी सहायक राजस्व निरीक्षक अपने-अपने वार्डों में 50% तक समेकित व सम्पति राजस्व वसूली करने का लक्ष्य दिया था। सभी सहायक राजस्व निरीक्षक घर-घर जाकर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें और राजस्व वसूली कम होने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक के ऊपर करवाई की जाएगी। राजस्व वसूली सभी सहायक राजस्व निरीक्षक शत प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें । साथ ही वार्डो मे जिन बकायदारों के द्वारा लगातार कई वर्षों से समेकित एवं संपत्ति कर नहीं पटा रहे हैं उन पर भी नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बकायादारों का सूची तैयार कर उनसे वसूली की कार्रवाई करना प्रारंभ करें। लेकिन आयुक्त के इस आदेश का कोई असर नहीं हुआ। जिसके बाद अब आयुक्त ने नए तरीके से कार्रवाई की है।

## 48 वार्डों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी

नगर निगम के 48 वार्डो के लिए संबंधित नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने वार्ड में साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था व अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का व्यवस्था को देख अपने-अपने वार्डों की समस्या को संबंधित विभाग को पत्र व्यवहार करेंगे । इसके हर वार्ड के लिए एक नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। आयुक्त ने बताया 48 वार्डों के लिए प्रति वार्ड के लिए एक नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है संबंधित नोडल उन वार्डों के साफ सफाई ,पेयजल विद्युत व अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का वार्ड के लोगों से चर्चा कर समस्या को दूर करने के प्रयास के साथ निगम के संबंधित विभाग को समस्या की जानकारी देंगे। इसके साथ ही संबंधित नोडल अधिकारी अपने-अपने वार्डों का दौरा कर प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करेंगे।

## सहायक राजस्व निरीक्षकों को दिया दूसरे वार्ड का प्रभार

आयुक्त ने जिन 11 सहायक राजस्व निरीक्षकों का वार्ड बदलने का आदेश जारी किया गया है उन निरीक्षकों में हृदयानंद मिश्रा, सुशील पाण्डे, भास्कर सिंह, आनंद किशोर तिर्की, राम नरेश बघेल, शिवचन्द्र (प्रभारी), भावेश परमार, गाब्रियल सिराह (प्रभारी), विरेन्द्र सलाम, श्यामू राव, मनीलाल राय, नगेन्द्र रणदिवे शामिलहै। इसमें कई सहायक राजस्व निरीक्षक ऐसे हैं जिन्हें दो वार्डों का प्रभार दिया गया था।

Scanned with OKEN Scanner